**खिलवाड़** ▶ यात्रियों की सेहत से होता खिलवाड़

# दीवार लांघकर लायी और ले जायी जा रही खाद्य सामग्री



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में शुमार जबलपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की गतिविधियां लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। स्टेशन परिसर में बिना किसी अधिकृत अनुमति के चिप्स, बिस्किट, पानी की बोतल, नमकीन और अन्य खाद्य सामग्री बेचते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। आरोप है कि ये अवैध वेंडर स्टेशन के बाहर से सामान लाकर सीधे प्लेटफॉर्म और फुटओवर ब्रिज के आसपास यात्रियों को बेच रहे हैं, जिससे रेलवे की अधिकृत खानपान व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यही नहीं पुल नंबर-2 और 3 के आसपास इन अवैध वेंडरों की सबसे अधिक सक्रियता देखी जा रही है। यात्रियों का कहना है कि कई वेंडर बिना रेट लिस्ट के खाद्य सामग्री मनमाने दामों पर बेच रहे हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्री मजबूरी में अधिक कीमत देकर सामान खरीदने को विवश हो जाते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि खुले में रखे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उनकी वैधता की कोई जांच नहीं होती, जिससे यात्रियों की सेहत पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### दीवार फांदकर पहुचा रहे सामान

रेलवे के नियमों के अनुसार स्टेशन परिसर में केवल अधिकृत लाइसेंसधारी वेंडरों और स्टॉल संचालकों को ही खाद्य सामग्री बेचने की अनुमति होती है। इसके बावजूद बाहरी लोगों का स्टेशन परिसर में आसानी से पहुंचना सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। यात्रियों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति बड़ी मात्रा में सामान लेकर प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहा है, तो यह सुरक्षा जांच की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।हैरानी की बात यह है कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की नियमित गश्त के बावजूद अवैध वेंडरों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रेल यात्रियों का आरोप है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बाद भी कुछ समय के लिए कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में फिर वही स्थिति बन जाती है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इन अवैध कारोबारियों पर स्थायी रूप से अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा।

### नियमित चलाया जाए जांच अभियान

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर अधिकृत स्टॉल होने के बावजूद अवैध वेंडरों का बेखौफ घूमना नियमों की अनदेखी का उदाहरण है। बिना गुणवत्ता जांच के बिकने वाले खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं, विशेषकर गर्मी और बरसात के मौसम में। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होने से फूड पॉइजनिंग जैसी घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। यात्रियों और सामाजिक संगठनों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन परिसर में अवैध वेंडरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए, पुल नंबर-2 और 3 सहित सभी प्लेटफॉर्मों पर नियमित जांच की जाए तथा बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही स्टेशन में प्रवेश करने वाले ऐसे लोगों की निगरानी बढ़ाई जाए जो बाहरी सामान लाकर अवैध रूप से बेच रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

### इनका कहना है

आरपीएफ द्वारा लगातार निगरानी रखी जाती है। जुर्माने की राशि भी डबल कर दी गई है। किसी भी तरह की गड़बड़ी को सहन नहीं किया जाएगा।

**राजीव ख़रब**
**पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ**

# चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या, 3 घायल

▶ बाई का बगीचा में वारदात छानबीन में जुटी पुलिस



**नवभारत,जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत बाई का बगीचा में रविवार को बदमाशों ने मिलकर एक युवक को घेरकर चाकुओं से गोदकर उसकी हत्या कर दी। चाकूबाजी में तीन अन्य भी घायल हुए है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंची और घटना स्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, विशाल सोनकर पिता नीलकमल सोनकर (44), निवासी सिंधी कैंप हनुमानताल को रविवार को बाई का बगीचा में रविवार दोपहर प्रियांश रैकवार और सावन सोनकर, साहिल अपने साथियों के साथ मिलकर घेर लिया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच में विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने विशाल पर चाकू से ताड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उसे गंभीर चोटें आने के कारण विशाल की स्थिति नाजुक हो गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। बीच बचाव करने के दौरान उसका अंकित सोनकर भी घायल हो गया। दूसरे पक्ष से भी चाकूबाजी हुई जिसमें दो अन्य घायल हुए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद विशाल सोनकर को मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दोनों पक्ष का आपराधिक रिकॉर्ड, पारिवारिक विवाद आया सामने

शुरुआती जांच में पुलिस इस पूरे मामले के पीछे पुरानी रंजिश को मुख्य कारण मान रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक और मुख्य आरोपी दोनों का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और दोनों रिश्तेदार भी हैं पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। प्रापर्टी को लेकर भी उनके बीच पुराना विवाद चलने की बात सामने आई है। पुलिस हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

## एक नजर में

### सूने मकान में चोरों का धावा

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अमन नगर में चोरों ने सूने मकान में धावा बोलते हुए गृहस्थी समेत अ न्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम मुदस्सिर अली 38 वर्ष निवासी नई बस्ती गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमआर का काम करता है उसका एक मकान अमन नगर फेस 2 स्ट्रीट नम्बर 1 में है जो मकान उसके भाई डॉ. इमरान अली एवं मां खुदेजा बानों के नाम पर है मकान की देखरेख वह करता है। सुबह लगभग 8 बजे जाकर देखा मकान के बाहर लगा ताला टूटा था अंदर देखा फ्रिज, कूलर, गीजर, बर्तन, फेन, बच्चे की इलेक्ट्रानिक बड़ी कार, केबल तार, प्लबिंग फिटिंग, लोहे की सीढ़ी तथा अन्य घरेलू सामान नहीं था। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसकर लगभग उपरोक्त सामग्री लगभग 60 हजार रूपये की चोरी कर ले गया।

### शराब पीने पर मां ने डांटा बेटा फांसी पर झूला

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत कजरवारा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक शराब पीकर घर पहुंचा था जिस पर मां ने उसे डांटा था। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुरेश अहिरवार 45 वर्ष निवासी नई बस्ती कजरवारा ने सूचना दी कि बीती रात लगभग 12 बजे उसका पुत्र मोहित शराब पीकर घर आया, पत्नी ने मोहित को डांटकर बोली कि इतनी शराब क्यों पीता है मोहित अपने रूम में चला गया था रात लगभग 2-50 बजे देखा बेटे मोहित अहिरवार 24 वर्ष ने फांसी लगा ली थी उसके बेटे अजय ने मोहित को फांसी से उतारा जिसके बाद उसे विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर बेटे मोहित अहिरवार को मृत घोषित कर दिया।

# पांच हत्याएं : फरार आरोपी ऋतुराज ने माढ़ोताल थाने में किया सरेंडर

▶ कातिल को जबलपुर से गिरफ्तार कर ले गई नरसिंहपुर पुलिस

**नवभारत, जबलपुर।** नरसिंहपुर जिला, सुआतला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर हाथीनाला के सामने एनएच 45 में बीती 19 जुलाई को सुनियोजित साजिश के तहत हाइवा से कुचलकर जबलपुर निवासी पांच युवकों की हत्या करने के मामले में फरार ऋतुराज निवासी बेलखेड़ा ने शहर के माढ़ोताल थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। इसके बाद माढ़ोताल पुलिस ने इसकी सूचना सुआतला थाने को दी। जिसके बाद नरसिंहपुर पुलिस जबलपुर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को अपने साथ ले गई। विदित हो कि 19 जुलाई को सुआतला थाना अंतर्गत इंद्रा नगर हाथीनाला के सामने जबलपुर की ओर से आ रहे एक बिना नंबर के एक तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े आधा दर्जन से अधिक लोगों को बेरहमी से कुचल दिया था। जिसमें राजेंद्र पटेल, वीरेंद्र लोधी, राजपाल लोधी, जयपाल लोधी, नीरज की मौत हो गई थी। मामले की जांच में यह बात सामने आई कि यह एक्सीडेंट नहीं, सुनियोजित तरीके से साजिश रचते हुए हत्याएं की गई थी। जांच में यह बात सामेन आई कि राजेंद्र पटेल की सुंदरदेही-जबलपुर निवासी आनंद सिंह लोधी से पुरानी रंजिश थी। मामले में जबलपुर के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अमित खरे समेत आरोपी आनंद लोधी, अनुज लोधी निवासी सुंदरादेही, अरविंद पटेल, नरेंद्र सिंह, राजा पटेल, भरत पटेल, अनिल को गिरफ्तार किया गया जबकि शुभम पटेल, प्रीतम बर्मन और ऋतुराज फरार हो गए थे। ऋतुराज ने शहर के माढ़ोताल थाने में सरेंडर किया। रविवार को नरसिंहपुर पुलिस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

# प्लाट के नाम पर रिटायर्ड बुजुर्ग से 8 लाख की ठगी, एचएफ इंफ्रास्ट्रक्चर के पार्टनर्स पर एफआईआर दर्ज



**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गुरैया एकता मार्केट के पास जालसाजों ने प्लाट दिलाने के नाम पर खम्हरिया फैक्ट्री से रिटायर्ड बुजुर्ग को झांसे में लेकर 8 लाख की मोटी रकम ऐंठ ली और रजिस्ट्री कराए बिना अपना दफ्तर बंद कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एचएफ इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के दो पार्टनर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, द्वारका नगर कछियाना मोहल्ला, घमापुर निवासी 84 वर्षीय जीवनलाल मलिक खम्हरिया फैक्ट्री से रिटायर्ड कर्मचारी हैं और पेंशनर हैं। वे अपने लिए एक मकान की तलाश में थे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि एकता मार्केट में एचएफ इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा जमीनों की प्लाटिंग की जा रही है। पीड़ित जब कंपनी के अस्थाई दफ्तर पहुंचे, तो वहां उन्हें नेंसी स्वामी और अनूप मिश्रा मिले।

दोनों ने खुद को फर्म का पार्टनर बताते हुए बुजुर्ग को ग्राम गुरैया एकता मार्केट के पास खसरा नंबर 151/1, रकबा 0.375 हेक्टेयर में 900 वर्गफिट का एक प्लाट दिखाया। आरोपियों ने इस प्लाट का सौदा 8 लाख में तय किया, जिस पर पीड़ित जीवनलाल सहमत हो गए।

### चार किस्तों में ऐंठी रकम, फिर दफ्तर पर लटकाया ताला

बुजुर्ग जीवनलाल ने आरोपियों पर भरोसा करते हुए अपने लालमाटी ब्रांच कांचघर चौराहा के बैंक खाते से अलग-अलग तारीखों पर चार किस्तों में कुल 8 लाख नेंसी स्वामी की फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलते ही आरोपियों ने आश्वासन दिया कि 10 से 15 दिनों के भीतर प्लाट की रजिस्ट्री बुजुर्ग के नाम कर दी जाएगी। तय समय बीतने के बाद जब पीड़ित रजिस्ट्री की बात करने एकता मार्केट स्थित दफ्तर पहुंचे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आरोपियों का अस्थाई ऑफिस वहां से गायब हो चुका था। बुजुर्ग ने संपर्क करने की कोशिश की, तो आरोपियों के मोबाइल फोन स्थाई रूप से बंद आने लगे।जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनो आरोपी नेंसी स्वामी और अनूप मिश्रा दोनों निवासी जॉनसन कम्पाउंड, नर्मदा रोड, गोरखपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# सहायक वाणिज्य प्रबंधक का औचक निरीक्षण, 8 अवैध वेंडर पकड़े



**जबलपुर।** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जबलपुर रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने रविवार को वाणिज्य विभाग की टीम के साथ जबलपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्सल कार्यालय, पार्सल संचालन व्यवस्था, ट्रेन संख्या 13201 के एसएलआर में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही फूड प्लाजा में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस कार्ड, गैस सुरक्षा और रसोई की व्यवस्थाओं की भी गहन जांच की गई तथा संचालकों को सभी सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

### नियमानुसार की गई कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान टिकट काउंटरों पर कार्यरत कर्मचारियों के पास उपलब्ध निजी धनराशि और रेलवे राजस्व का भी मिलान किया गया। वहीं स्टेशन परिसर में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे 8 अनाधिकृत वेंडरों को पकड़कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

### रंगदारी नहीं देने पर पति-पत्नी को पीटा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत करमेता में रंगदारी न देने पर बदमाश ने पति-पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अशोक रजक 50 वर्ष निवासी करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 5-30 बजे शारदा चौबे घर के बाहर से आवाज देकर बुलाया, वह एवं उसकी पत्नी सविता रजक घर के बाहर आये, शारदा चौबे 2 हजार रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करते हुये वह घर के अंदर चला गया तो शारदा चौबे जबरदस्ती उसके घर के अंदर घुसकर उसे व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दोनों को चोटें पहुंचा दी।



# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और वंशजों ने व्यक्त किया रोष

**नवभारत,जबलपुर।** रविवार को गांधी भवन टाउन हॉल में शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार संगठन प्रकोष्ठ की बैठक संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रकाशचंद गोलछा की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, निर्मला जैन के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों एवं उत्तराधिकारियों ने गांधी भवन टाउन हॉल स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वाचनालय एवं कार्यालय पर लंबे समय से लगे ताले को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद से यह वाचनालय एवं कार्यालय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरोहर रहा है, किंतु वर्तमान में इस पर एक पक्ष द्वारा कब्जा कर ताला बंद रखा गया है। न तो यहां कोई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और न ही कार्यालय नियमित रूप से खोला जाता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिनके पास इस कार्यालय की चाबी एवं ताला है, वे तत्काल कार्यालय खुलवाकर उसकी जिम्मेदारी शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष को सौंपें, ताकि यह विरासत स्वरूप कार्यालय पुन: नियमित रूप से संचालित हो सके। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा ये भी कहा गया कि यदि शीघ्र ही कार्यालय नहीं खोला गया, तो समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं उत्तराधिकारी गांधी भवन परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष इस विरासत कार्यालय को यथावत प्रारंभ कराने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 8 अगस्त को मध्यप्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा भोपाल के शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होने वाले अगस्त क्रांति कार्यक्रम में जबलपुर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों एवं उत्तराधिकारियों का एक बड़ा जत्था भोपाल के लिए रवाना होगा। बैठक का संचालन संगठन मंत्री पवन सोनी ने किया। इस मौके पर शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, ग्रामीण अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा, केशव प्रसाद चौरसिया, श्रीमती आशा मालवीय,आदि उपस्थित रहे।

# आरपीएफ ने सुरक्षित लौटाया लैपटॉप बैग



**जबलपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जबलपुर ने 'मिशन अमानत' के तहत तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए एक यात्री का करीब 65 हजार मूल्य का खोया हुआ लैपटॉप बैग महज कुछ घंटों में खोजकर उसे सुरक्षित लौटा दिया। विशाखापट्टनम निवासी विश्वनाथ ओखराज भोपाल जाने के लिए जबलपुर स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन विलंब से होने के कारण वे स्टेशन परिसर के बाहर सो गए। नींद खुलने पर उनका लैपटॉप बैग गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी बैग नहीं मिलने पर उन्होंने आरपीएफ पोस्ट पहुंचकर एएसआई धीरज कुमार को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली और प्लेटफॉर्मों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-1 के इटारसी छोर पर एक लावारिस बैग मिला, जिसे सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए आरपीएफ पोस्ट लाया गया।

# टिकट काट रहे कर्मचारी पर चढ़ाई बाइक

**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत निदान फाल गेट के पास गाड़ियों के आने जाने की टिकिट काट रहे टिकिट काउण्टर कर्मचारी पर बदमाश ने बाइक चढ़ा दी। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने उसका भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस के मुताबिक गोविन्द राजपूत 42 वर्ष निवासी पंचमपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निदान फाल में टिकिट काउण्टर में काम करता है। रविवार दोपहर लगभग 3-15 बजे निदान फाल गेट के पास गाड़ियों के आने जाने की टिकिट काट रहा था तभी मझगवां पौड़ी निवासी शिवा ठाकुर मोटर सायकल से आया और उसके दाहिने पैर के पंजे पर मोटर सायकल का टायर उसके पैर के पंजे में चढ़ा दिया, उसने कहा कि गाड़ी देखकर चलाओ, इसी बात पर शिवा ठाकुर विवाद करने लगा तभी शिवा ठाकुर के साथी अमित ठाकुर और भूपेन्द्र ठाकुर आकर उससे मारपीट करने लगे उसका छोटा भाई गोपाल सिह राजपूत बीच बचाव करने आया तो भाई को लाठी से मारपीट किये, शिवा ठाकुर के अन्य दोस्त भी आये और उससे एवं उसके भाई को धमकी दी और भाग गए।

# ब्लैकमेल कर तलाक का बनाया दबाव, वायरल की अश्लील तस्वीरें

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक सहेली के पति ने पारिवारिक संबंधों का फायदा उठाकर महिला की अस्मत से खिलवाड़ किया। आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाकर उसे अपने पति से तलाक लेने के लिए मजबूर किया। जब महिला ने घुटने टेकने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने वे तस्वीरें उसके पति, देवर और ससुराल वालों को भेज दीं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित 34 वर्षीय महिला का पति काम के सिलसिले में शहर से बाहर रहता है। घर पर महिला अकेली रहती थी, जिसका फायदा उठाकर उसकी सहेली और सहेली का पति अनवार अंसारी अक्सर वहां आने-जाने लगे। इसी दौरान अनवार ने महिला से नजदीकियां बढ़ाईं और चुपके से उसकी कुछ बेहद आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद आरोपी अनवार ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। वह महिला पर लगातार बातचीत करने और संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया, तब आरोपी ने उसे तस्वीरें दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। महिला ने रोते हुए तस्वीरें डिलीट करने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। उसने महिला के सामने शर्त रख दी कि वह अपने पति को तुरंत तलाक दे दे। जब महिला ने उसकी बात मानने से साफ इनकार कर दिया, तो अनवार ने उसे समाज में बर्बाद करने की धमकी दी। आरोपी ने सबसे पहले महिला के चरित्र को लेकर पूरे मोहल्ले में अनर्गल और झूठी बातें फैलाईं। इसके बाद उसने वे तस्वीरें महिला के ससुराल वालों को दिखा दीं। ससुराल में हुए भारी विवाद के बाद पीड़िता को मजबूरन अपना घर छोड़कर मायके जाना पड़ा। इतनी प्रताड़ना झेलने के बाद भी जब महिला ने आरोपी से संपर्क नहीं किया, तो बौखलाए अनवार अंसारी ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं। उसने वे सभी आपत्तिजनक तस्वीरें महिला के पति और देवर के मोबाइल पर भेज दीं। आखिरकार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने हनुमानताल थाने में न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**परेशानी** ▶ बारिश में सड़कों की बदहाली से राहगीर हो रहे परेशान

# सिविल लाइन और सदर सड़क में जगह-जगह हो गये गहरे गड्ढे



**जबलपुर।** शहर के सबसे प्रमुख और पॉश इलाकों में शुमार सिविल लाइन्स और सदर की सड़कें इस बारिश में भी बदहाली का शिकार बनी हुई हैं। बरसात अब अंतिम दौर में पहुंच रही है, लेकिन जगह-जगह बने गहरे गड्ढे अब भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। सिविल लाइन्स और सदर जैसे व्यस्त मार्गों से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। पानी से लबालब भरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने या रास्ता बदलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। कई दोपहिया वाहन चालक संतुलन बिगड़ने से गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। वहीं सड़क पर जलभराव के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है और लोगों को घंटों जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

### विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के प्रमुख क्षेत्रों की यह स्थिति नगर निगम और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। लोगों ने मांग की है कि बारिश समाप्त होने का इंतजार करने के बजाय तत्काल गड्ढों की मरम्मत कर सड़कों को सुरक्षित बनाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़कों का सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बड़े हादसों से इनकार नहीं किया जा सकता।